Code No. 64/2/3
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 7 printed pages +2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 19 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 19 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

GEOGRAPHY (Theory)
भूगोल (सैद्धान्तिक)

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 70*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 70*

General Instructions :

(i) *There are **19** general questions.*

(ii) *All questions are compulsory.*

(iii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iv) *Question numbers **1** to **10** are short-answer questions carrying **3** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **80** words.*

(v) *Question numbers **11** to **15** are also short-answer questions of **4** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **120** words.*

(vi) *Question numbers **16, 17** and **18** are long-answer questions of **5** marks each.*

*Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

(vii) *Question number **19** contains test items of very short-answers. It is of **5** marks.*

(viii) *Outline map provided to you must be attached with your answer-book.*

(ix) *Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.*

सामान्य निर्देश :

*(i) सामान्य प्रश्नों की कुल संख्या **19** है।*

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके निर्धारित अंक दिये हैं।

*(iv) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(v) प्रश्न संख्या **11** से **15** तक भी लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **4** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।*

*(vi) प्रश्न संख्या **16, 17** और **18** लम्बे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक के **5** अंक हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।*

*(vii) प्रश्न संख्या **19** में बहुत छोटे उत्तर वाले विषय हैं। यह प्रश्न **5** अंक का है।*

(viii) दिए गए रेखा-मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए।

*(ix) रेखा-मानचित्र बनाने के लिये **साँचों** या **स्टेंसिलों** के प्रयोग की अनुमति दी जाती है।*

1. What is globalisation ? What is its impact on Indian agriculture ? 1+2=3

भूमण्डलीकरण का क्या अर्थ है ? भारतीय कृषि पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है ?

2. Describe any three major factors responsible for high productivity in Indian agriculture. 3×1=3

भारतीय कृषि में उच्च उत्पादकता के लिए उत्तरदाई किन्हीं तीन प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए।

3. What are 'Golden Quadrangle' Super Highways ? State four characteristics of these highways. 1+2 = 3

'स्वर्णिम चतुष्कोण' परम राजमार्ग किसे कहते हैं ? इन राजमार्गों की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।


4. Explain any three economic factors that affect the agricultural production in different parts of the world. 3×1=3

संसार के विभिन्न भागों के कृषि उत्पादन को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन आर्थिक कारकों की व्याख्या कीजिए।

5. How does the composition of trade set the pattern of international trade in the world ? Explain with examples. 3

व्यापार की संरचना संसार में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रतिरूप को किस प्रकार निर्धारित करती है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

6. Study the map given below and answer the questions that follow : 1+1+1=3



(6.1) In which period were hunting and gathering the only economic activities of humans in the whole world and why ?

(6.2) In which period were hunting and gathering limited to certain regions only and why ?

(6.3) Why are hunting and gathering activities now limited to certain pockets only ? Give the main reason for it.

ऊपर दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उनके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(6.1) किस अवधि में आखेट और संग्रहण संपूर्ण संसार में मानवों के एकमात्र आर्थिक क्रिया-कलाप थे और क्यों ?


(6.2) किस अवधि में आखेट और संग्रहण कुछ ही प्रदेशों में सीमित थे और क्यों ?

(6.3) आखेट और संग्रहण क्रिया-कलाप अब कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित क्यों हैं ? इसका प्रमुख कारण दीजिए।

7. "Watershed unit is an ideal site for all-round development." Justify this statement with three suitable arguments. 3×1=3

''जलसंभर क्षेत्र, सर्वतोन्मुखी विकास के लिए आदर्श स्थल है।'' तीन उपयुक्त तर्क देकर इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

8. Study the map given below and answer the questions that follow : 3×1=3



(8.1) Name any two states of north-eastern India, having the lowest percentage area under irrigation.

(8.2) Why do these states have very low percentage area under irrigation ?

(8.3) What is the percentage area under irrigation in Punjab and Haryana ?

ऊपर दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(8.1) उत्तर-पूर्वी भारत के किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइए, जिनमें सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत सबसे कम है।

(8.2) इन राज्यों में सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत बहुत कम क्यों है ?

(8.3) पंजाब और हरियाणा में सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत कितना है ?

For Blind Candidates only in lieu of Question No. 8.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर।

Name any two states of north-eastern India, having the lowest percentage area under irrigation. Also give two reasons for very low percentage of irrigated area in these states. 1+2=3

उत्तर-पूर्वी भारत के किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइए, जिनमें सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत बहुत कम है। इन राज्यों में सिंचित क्षेत्र का प्रतिशत बहुत कम होने के कारण भी बताइए।

9. Which are the two traditional approaches to the study of human geography ? State the main feature of each approach with examples. 1+2=3

मानव भूगोल के अध्ययन की दो पारम्परिक विधियाँ कौनसी हैं ? प्रत्येक विधि का उदाहरणों सहित मुख्य लक्षण बताइए।


10. Which is the largest electronic network in the field of communication in the world ? State any four merits of it. 1+2=3

संसार में संचार के क्षेत्र की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली कौनसी है ? इसके किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए।

11. Explain the changing scenario of Indian export with four suitable examples. 4

भारतीय निर्यात के बदलते परिदृश्य की चार उपयुक्त उदारहण देकर व्याख्या कीजिए।

12. Study the map given below and answer the questions that follow : 4×1=4



(12.1) Name the canal shown in the map.

(12.2) Find out the total length of the canal by using the scale given in the map.

(12.3) What is the importance of this canal ?

(12.4) Name the lakes marked 'B' and 'C'.

ऊपर दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(12.1) मानचित्र में प्रदर्शित नहर का नाम बताइए।

(12.2) मानचित्र में दिए गए पैमाने की मदद से नहर की कुल लम्बाई ज्ञात कीजिए।

(12.3) इस नहर का क्या महत्त्व है ?

(12.4) 'ख' और 'ग' से अंकित झीलों के नाम बताइए।

For Blind Candidates only in lieu of Question No. 12.

केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर।

Which is the densest network of Inland waterways in the world ? Give three characteristics of this inland waterway. 1+3=4

संसार में सबसे सघन अन्तस्थलीय जलमार्ग कौनसा है ? इस अन्तस्थलीय जलमार्ग की तीन विशेषताएँ बताइए।

13. What is soil pollution ? State six causes of soil pollution. 1+3=4

मृदा प्रदूषण क्या है ? मृदा प्रदूषण के छः कारणों का उल्लेख कीजिए।

14. What is the meaning of information technology ? How has it helped in the development of quarternary activities ? Explain it with three suitable examples. 1+3=4

सूचना प्रौद्योगिकी का क्या अर्थ है ? यह किस प्रकार चतुर्थक क्रिया-कलापों के विकास में सहायक हुई है ? तीन उपयुक्त उदाहरणों सहित इसकी व्याख्या कीजिए।

15. "Indian rural house types and their building materials show regional distinction and local influence." Support this statement with four suitable examples. 4×1=4

''भारतीय ग्रामीण घर के प्रकारों और उनकी निर्माण सामग्रियों में प्रादेशिक विशिष्टता और स्थानीय प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।'' चार उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए।

16. What is international migration ? How are pull and push factors responsible for rural to urban migration in a country ? Explain it with four suitable examples of each. 1+2+2=5

अन्तर्राष्ट्रीय प्रवास किसे कहते हैं ? किसी देश में प्रतिकर्षण और अपकर्षण कारक किस प्रकार गाँवों से नगरों की ओर प्रवास के लिए उत्तरदायी हैं ? प्रत्येक के चार उदाहरण देकर इसकी व्याख्या कीजिए।

17. Describe any five major problems associated with urban settlements in the developing countries. 5×1=5

विकासशील देशों में नगरीय बस्तियों से सम्बन्धित किन्हीं पाँच प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए।

18. "Density of population in India is very uneven at district level." Support this statement with five suitable examples. 5×1=5

''भारत में जनसंख्या का घनत्व जिला स्तर पर बहुत ही असमान है।'' इस कथन की पुष्टि पाँच उपयुक्त उदाहरणों सहित कीजिए।

19. (19.1) In the given outline map of the **World** (on page 9) are shown four geographical features : 4×½=4

(i) The country having the highest density of population in Europe,

(ii) The western terminal of Australian Transcontinental Railway,

(iii) The largest gold producing country of the world, and

(iv) The largest city of the world.

Identify these features and write their names on the lines given in the map.

(19.2) On the outline political map of **India** provided (on page 11), locate and label the following with appropriate symbols : 3×1=3

(i) The state having the highest number of tribal population.

(ii) Southern terminal of North-South Corridor (Super Highway).

(iii) An oil refinery located in Andhra Pradesh, managed by ONGC.

(19.1) दिए गए **संसार** के रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) में चार भौगोलिक लक्षण दिखाए गए हैं :

(i) यूरोप में सबसे सघन आबाद देश,

(ii) आस्ट्रेलियाई अन्तर्महाद्वीपीय रेलमार्ग का पश्चिमी अन्तिम स्टेशन,

(iii) संसार में सोने का सबसे बड़ा उत्पादक देश, और

(iv) संसार का सबसे बड़ा नगर।

इन लक्षणों की पहचान कीजिए और उनके नाम मानचित्र में दी गई रेखाओं पर लिखिए।

(19.2) दिए गए **भारत** के रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिन्हों द्वारा दिखाइए और प्रत्येक की स्थिति के निकट उसका नाम लिखिए :

(i) सबसे अधिक जनजातीय जनसंख्या वाला राज्य।

(ii) उत्तर-दक्षिण गलियारे (परम राजमार्ग) का दक्षिणी अन्तिम स्टेशन।

(iii) आन्ध्र प्रदेश में स्थित ओ.एन.जी.सी. द्वारा संचालित तेल-परिष्करणशाला।

For Blind Students only in lieu of Question No. 19.
केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर।

(19.1) Name any two countries of East Asia which have the highest density of population.

(19.2) Name the eastern and western terminals of Australian Transcontinental Railway.

(19.3) Name any two north-eastern states of India having the highest percentage of Scheduled Tribes to total population.

(19.4) Name the two oil refineries located in Andhra Pradesh.

(19.5) Name the northern and the southern terminals of North-South Corridor (Super Highway).

(19.1) पूर्वी एशिया के किन्हीं दो देशों के नाम बताइए, जिनमें जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है।

(19.2) आस्ट्रेलियाई अंतर्महाद्वीपीय रेलमार्ग के पूर्वी और पश्चिमी अन्तिम स्टेशनों के नाम बताइए।


(19.3) भारत के किन्हीं दो उत्तर-पूर्वी राज्यों के नाम बताइए जिनमें कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत सबसे अधिक है।

(19.4) आन्ध्र प्रदेश में स्थित दो तेल-परिष्करणशालाओं के नाम बताइए।

(19.5) उत्तर-दक्षिण गलियारे (परम राजमार्ग) के उत्तरी तथा दक्षिणी अन्तिम स्टेशनों के नाम बताइए।


For question no. (19.1)

प्रश्न सं. (19.1) के लिए



For question no. (19.2)

प्रश्न सं. (19.2) के लिए



©Government of India copyright 2001